THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): (a) There are two nuclear power generating units each at Tarapur, Maharashtra (2x160 MWe), Rawatbhatts, Rajasthan (2x220 MWe) and Kalpakkam, Tamil Nadu 2x235 MWe).

(b) No, Sir. Except Unit-1 of RAPS, the performance of all nuclear power generating units is satisfactory. Unit-1 of RAPS is operating at 100 MWe and possibility of running this unit at higher levels is being explored.

(c) The Unit-1 of Rajasthan Atomic Power Station which was shut down in May 1985 due to the end-shield problem was re-started in August 1987 after plugging the leak in the end-shield. Unit-II of Rajasthan Atomic Power Station was taken out of service for annual maintenance for about two months from September 2, 1987. The two units of Madras Atomic Power Station (MAPS) were taken out of service from October 19, 1987 and December 9, 1987 respectively for annual maintenance. MAPS-I has since been reenergised.

(d) The targeted production of electricity from the various stations for the year 1988-89 is as follows:

TAPS I	..	940 MUs
TAPS II	..	820 MUs
RAPS II	..	1160 MUs
MAPS I	..	1345 MUs
MAPS II	..	1355 MUs

No target has been fixed for RAPS I as operation of this Unit is under observation.

उत्तर प्रदेश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवार

1621. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1987 के अंत तक उत्तर प्रदेश में कुल कितने परिवार गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे थे ;

(ख) उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर लाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं, और

(ग) वर्ष 1987 के दौरान उत्तर प्रदेश के कितने परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाया गया ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बीरेन सिंह इंगती) : (क) उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में गरीबी की रेखा से नीचे निर्वाह करने वाले लोगों की संख्या के बारे में अद्यतन उपलब्ध सूचना राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के 1983-84 के सर्वेक्षण से संबंधित है। इस समय के अनुसार उत्तर प्रदेश में गरीबी की रेखा से नीचे निर्वाह करने वाले लोगों की संख्या 530.6 लाख थी ।

(ख) उत्तर प्रदेश में एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम जैसे गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया जाना जारी रहा ।

(ग) लाभभोगियों द्वारा गरीबी की रेखा से ऊपर उठाए गए लोगों की संख्या रेखा पार करने के संबंध में कोई वर्षवार सर्वेक्षण नहीं किया जाता है गरीबी की के बारे में तब पता लगेगा जब राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के अगले पंचवर्षीय सर्वेक्षण के परिणाम प्राप्त हो जाएंगे ।

छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश में परियोजनाओं के लिए आवंटित की गई धनराशि

1622. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या कार्यक्रम **कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश में कितनी विभिन्न केन्द्रीय परियोजनाओं के लिए निधियां आवंटित की गई थी ;

(ख) क्या निश्चित उद्देश्य के लिए आवंटित की गई धनराशि का पूरा उपयोग कर लिया गया था यदि नहीं, तो उसे क्या कारण थे ; और

(ग) क्या चालू परियोजनाओं की लागत में वृद्धि के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बीरेन सिंह इंगती) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश में चौदह परियोजनाओं (तेल पाइप लाइन, रेलवे आदि जैसी बहुराज्यीय परियोजनाओं को छोड़कर) को छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान निधि आबंटित की गई थी । 11 परियोजनाओं के मामले में राशि का पूरा उपयोग किया गया, 2 परियोजनाओं में उपयोग थोड़ा सा कम किया गया और एक परियोजना का कार्यान्वयन स्थगित कर दिया गया ।

(ग) जी, हां । एक परियोजना (ओनला उर्वरक, ईपको) बिना लागत वृद्धि के समयानुसार चल रही है, तीन परियोजनाएं (मथुरा तेल शोधक कारखाना सिंगरौली एस० टी० पी० पी० स्तर–1 और मेल बाड़े आकार की टब जनित्र परियोजना) अभी पूरी हुई है, फिलहाल कार्यान्वयनाधीन 9 अन्य परियोजनाओं, अर्थात नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना, इलेक्ट्रोनिक स्विचिंग प्रणाली, मानकपुर, आई० सी० पी० परियोजना, रायबरेली, टनकपुर एच० ई० परियोजना, सिंगरौली स्तर–2 एस० टी० पी० पी०, रिहंद एस० टी०पी० पी० , रायपुर–नई हल्दवानी रेलवे लाइनें, बीना ओ० पी० और ककरी ओ० सी० कोयला परियोजना ने अद्यतन प्रत्याशित लागत मे वृद्धि बताई है ।

उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय

1623. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1986–87 के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय कितनी थी ;

(ख) इसे राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री बीरेन सिंह इंगती): (क) वर्ष 1986–87 के लिए उत्तर प्रदेश का प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद चालू कीमतों पर 2146 रु० है और 1970–71 की कीमतों पर 607 रु० है ।

(ख) सातवीं योजना में परिकल्पित संवृद्धि कार्यनीति से क्षेत्रीय असमानताएं कम होने की आशा की जाती है । ग्राम तथा लघु उद्योग और आधार संरचना सहित कृषि, उद्योग के क्षेत्र में निवेश की ओर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि इन निवेशों से अधिक से अधिक रोजगार तथा आय के अवसर प्राप्त हो सके ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के अद्यतन उपलब्ध प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि की प्रतिशतता नीचे दी गई है :

वर्ष	पिछले वर्षों में हुई वृद्धि की प्रतिशतता	
	चालू कीमतें	स्थिर कीमतें (1970–71 आधार)
1984–85	7.4	1.0
1985–86	12.3	2.2
1986–87	7.1	1.5